तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 31 अक्टूबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

10 पुष्प स्टील एंड माइनिंग को अंततः उद्योग क्षमता



10 दाना तूफान से मौसम में आया बदलाव, किसानों ...






## खबर संक्षेप

### दीपावली के बाद उपरांत पदोन्नति संभव

**कांकेर।** शिक्षक टी संवर्ग अंतर्गत कार्यरत सहायक शिक्षक संवर्ग से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नत किए जाने के लिए 28 तथा 29 अक्टूबर को पदस्थापना हेतु कांउसिलिंग का आयोजन किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के अनुसार काउंसिलिंग पूर्ण होने के उपरांत पदोन्नति आदेश जारी किया जाना था, लेकिन दीपावली अवकाश होने के पर आवश्यक तकनीकि औपचारिकताएं पूर्ण नहीं होने के कारण पदोन्नति आदेश जारी नहीं किया गया। उक्त पदोन्नति आदेश अवकाश समाप्ति उपरांत जारी किया जाएगा।

### करंट से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत बड़ेपिंजोड़ी में करंट की चपेट में आने से 20 वर्षीय सुकीराम ध्रुव पिता स्व. रैयपाल की 27 अक्टूबर की रात साढ़े 12 बजें मौत हो गया। बड़ेपिंजोड़ी निवासी 30 वर्षीय सुकदु राम ध्रुव ने पुलिस को बताया कि मृतक की मौत बिजली करंट लगने से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर खाने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कनेचुर निवासी 45 वर्षीय राजेंद्र कुमार कुमेटी पिता देशीराम ने जहर खा लिया। जहर शरीर में फैल जाने से 18 अक्टूबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था, जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। मृतक ने जहर क्यो खाया यह अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया हैं।

### डूबने से बच्चे की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत नेवारखेड़ा में पानी में डूब जाने से एक बच्चे की मौत हो गई। नेवारखेड़ा निवासी 8 वर्षीय अजीत कुमार कोवाची 28 अक्टूबर को नाला के पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### उपलब्धि : पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी में पढ़कर 38 बच्चे बस्तर फाइटर में बन चुके हैं आरक्षक

# कोयलीबेड़ा पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी में पढ़कर घोर नक्सल क्षेत्र के दो युवा बने सब इंस्पेक्टर

विजय कुमार पाण्डेय ▶▶| कांकेर


- नक्सल इलाके के बच्चों में दिखा उत्साह, मेहनत का परिणाम आया सामने
- चयनित युवाओं ने कहा- परिजनों को नहीं पता सब इंस्पेक्टर क्या होता है

जिले के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा और अंतागढ़ के एसडीओपी अमरनाथ सिदार के कार्यकाल में अतिसंवेदनशील ईलाके के कोयलीबेड़ा थाना में पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी की शुरूआत किया था और प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्र पढ़े, ऐसी व्यवस्था किया था, उसी का परिणाम रहा कि इस लाइब्रेरी में पढ़कर घोर नक्सल ईलाके के दो युवा सब इंस्पेक्टर बन गए। यह ऐसे युवा है,जिनके माता व पिता को यह भी नहीं पता कि सब इंस्पेक्टर क्या होता है, इन युवाओं ने कमाल करके दिखा दिया और घोर नक्सल ईलाके के यह युवा अब इस ईलाके के आईकान बन गए है। 2022 में पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी में अध्ययन करके 38 बच्चों का चयन बस्तर फाईटर में भी हो चुका है।

जिले का कोयलीबेड़ा ईलाका अतिसंवेदनशील व नक्सल प्रभावित है और इस ईलाके में सुविधाएं आज भी नक्सलियों के कारण जैसी पहुँचनी चाहिए, नहीं पहुँच पाई है। सरकार बीएसएफ की कई कंपनी लगाकर उनकी सुरक्षा में आमजनता को सुविधाएं पहुँचाने में कई सालों से लगी हुई है। कोयलीबेड़ा जाने के लिए 2009 तक सिंगल सड़क हुआ करती थी, जिसमें दिन में अंधेरा नजर आता था। इस सड़क को बनाने के लिए 2009 से प्रयास शुरू हुआ और 40 किमी. की सड़क को बनाने के लिए दस साल लग गए, उसी तरह से कोयलीबेड़ा से परतापुर सड़क भी 2009 से बनाने का प्रयास शुरू हुआ, परंतु 12 साल बाद सड़क नसीब हो पाई। इसी से अंदाज लगा सकते है कि कोयलीबेड़ा कैसा ईलाका है। इन सड़को के बनने के दौरान कई बार वाहनों पर आग नक्सलियों ने लगाई, उसके बाद भी जैसे तैसे फोर्स की मदद से सड़क बन सकी। इस ईलाके के हजारों बच्चे आज भी 12 वीं के आगे की पढ़ाई से वंचित हो जाते है, इक्का दुक्का बच्चे कॉलेज पहुँच पाते है।




कोयलीबेड़ा की पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी



गोकुल नेताम



संपत मंडावी

जिरामतराई के गोकुल नेताम ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि 12 वीं तक पढ़ाई कोयलीबेड़ा में किया और उसके बाद कॉलेज की पढ़ाई नारायणपुर में पूरा किया। कॉलेज की पढ़ाई के बाद कोयलीबेड़ा में किराए का मकान लिया और पीएससी की तैयारी करने के लिए कोयलीबेड़ा थाना में तैयार की कई पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी में पढ़कर तैयारी शुरू किया। तैयारी करने के दौरान सब इंस्पेक्टर की पोस्ट निकली और इसकी भी तैयारी।

लंबे समय बाद निकले परिणाम में मेरा और मेरे साथी जो पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी में साथ में पढ़ने वाले सरगीकोट निवासी संपत मंडावी का भी चयन हो गया। हरिभूमि ने संपत से बात करने का प्रयास किया, परंतु सरगीकोट में नेटवर्क सही ढंग से नहीं हो पाने के कारण बात नहीं हो पाई, परंतु उसके साथी गोकुल ने बताया कि हम दोनो एक साथ पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी में पढ़कर यह सफलता हासिल किया। हमारे माँ व पिता किसान है, उनको तो यह भी नहीं पता कि सब इंस्पेक्टर होता क्या है। पुलिस के प्रयास से यह कठिन रास्ता भी हम लोगों के लिए आसान साबित हो गया।

### पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी की उपयोगिता आई नजर

अंतागढ़ अनुभाग में साढ़े तीन साल अनुविभागीय अधिकारी रहे अमरनाथ सिदार ने बताया कि तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन में थानों में लाइब्रेरी तैयार की गई थी और अतिसंवेदनशील ईलाके के बच्चों को पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ने के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई थी। प्रतियोगी परीक्षा के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता था और उनकी माँग के अनुरूप पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई गई थी। मेरे अनुभाग में चार थाना कोयलीबेड़ा, आमाबेड़ा, ताड़ोकी, अंतागढ़ और एक गाँव करेंगांव में पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी तैयार की गई थीऽ बस्तर फाईटर में आरक्षक बनने वाले 38 आरक्षकों ने पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी में अध्ययन किया था।

### बस्तर फाइटर में भी हुए है चयन

कांकेर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा जो वर्तमान में जगदलपुर में पुलिस अधीक्षक है, उनसे इस विषय पर बात किया तो उन्होने बताया कि बस्तर फाईटर की तैयारी करने वाले बच्चे में भी पूनावेश पुलिस लाइब्रेरी में पढ़कर तैयारी किया था। इस लाइब्रेरी के अलावा अन्य कई थानाक्षेत्र व गाँव में पूनावेश लाइब्रेरी प्रारंभ की गई थी और प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई थी। दो बच्चे सब इंस्पेक्टर बने वहीं 2022 में कई बच्चे इन्हीं लाइब्रेरी में पढ़कर बस्तर फाईटर के लिए चयनित हुए थे।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से मौत चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नारायणपुर के ट्रैक्टर की टक्कर से बाईक चालक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना रिपोर्ट मिलने के उपरांत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

विवेचना में पाया गया कि 15 अक्टूबर को शाम लगभग 7 बजे मृतक शीतलापारा छोटेनारायणपुर निवासी 34 वर्षीय महेन्द्र पटेल पिता राजू राम पटेल मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 8873 में सवार होकर अपने घर जाते समय कुकरीपारा नारायणपुर पास पहुंचा था, तभी आरोपी ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 05 एके 4585 के चालक ने ट्रैक्टर को लापरवाही पूर्वक चलाकर महेन्द्र पटेल को ठोकर मारकर एक्सीडेट कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। चारामा थानांतर्गत मछली मंडी के पास चार पहिया वाहन की ठोकर से पैदल चल रहें राहगीर को गंभीर चोट आया था। ईलाज के लिए चारामा अस्पताल ले जाया गया, जहां से हायर सेंटर रिफर किया गया। ईलाज के दौरान घायल का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 1 अगस्त को दोपहर करीबन ढाई बजें मृतक परशु राम भुआर्य नैनी नदी की ओर मछली पकड़ने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से पैदल जा रहा था। मछली मंडी के पास पिकप वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 3990 के चालक के द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पिकप के कंडेक्टर साईड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक के सिर पर गंभीर चोट लगा था। ईलाज के ▶▶| शेष पेज 08 पर






## दो महिला आरक्षक बनीं एसआई आरक्षक बना प्लाटून कमांडर

- अफसरों ने किया सम्मान

**कांकेर।** वर्ष 2018 में हुई सूबेदार, उप निरीक्षक व प्लाटून कमाण्डर भर्ती प्रक्रिया में कांकेर जिला में पदस्थ मनीष मंडावी का प्लाटून कमांडर, बस्तर फाईटर महिला आरक्षक वेदवती कुमेटी और महिला आरक्षक बिम्बलेश्वरी मरकाम का उपनिरीक्षक में चयन होने पर आईजी, डीआईजी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। थाना भानुप्रतापपुर के कच्चे चौकी में पदस्थ मनीष मंडावी का चयन प्लाटून कमाण्डर, बस्तर फाईटर महिला आरक्षक वेदवती कुमेटी थाना भानुप्रतापपुर चौकी कच्चे का चयन उप निरीक्षक, महिला आरक्षक बिम्बलेश्वरी मरकाम पुलिस दूरसंचार कांकेर का चयन उप निरीक्षक के पद पर होने पर बस्तर पुलिस महानिरीक्षक पी. सुन्दरराज, पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित तुकाराम कांबले, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला, एएसपी आईपीएस संदीप पटेल, डीएसपी अविनाश ठाकुर, डीएसपी गिरिजाशंकर साव, आरआई गोविन्द वर्मा, जिले के अधिकारी व कर्मचारीगण की उपस्थिति में प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत वाहन चालक की तलाश जारी



**चारामा।** चारामा थानांतर्गत भानुप्रतापपुर से कोरर जाने वाले पर सड़क हादसा में चारामा निवासी युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल हो गया था। सड़क पर गिरे युवक को स्थानीय लोगो ने संजीवनी वाहन की मदद से चारामा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम दरगहन में 30 अक्टूबर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चारामा निवासी 20 वर्षीय युवक की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक यश कुमार देवांगन पिता जितेंद्र देवांगन अपनी मोटर सायकल से दरगहन की ओर से चारामा की ओर जा रहा था। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने मृतक की मोटर सायकल को जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में यश कुमार बुरी तरह घायल हो गया और सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत संजीवनी 108 को बुलाया और घायल को चारामा अस्पताल ईलाज के लिए ले जाया गया। हालांकि गंभीर चोट को देख अस्पताल के डॉक्टरो ने तुरंत ईलाज शुरू कर लिया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद ईलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही चारामा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक अपराध दर्ज ▶▶| शेष पेज 08 पर

### आज अमावस्या शाम 4 बजे से 1 नवंबर को शाम तक प्रभावी होगा, इसलिए दीपावली मनाई जा रही

# तीस साल बाद दिवाली पर शश और लक्ष्मी राजयोग लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- महालक्ष्मी पूजन अमावस्या तिथि के प्रदोष काल और स्थिर लग्न में सर्वोत्तम माना गया है

दिवाली का त्योहार 31 अक्टूबर गुरुवार को। इस बार दिवाली की तारीख पर काफी असमंजस की स्थिति बनी थी कि दिवाली 31 अक्टूबर को है या 1 नवंबर को, लेकिन अब दिवाली की तारीख स्पष्ट हो गई है। 31 अक्टूबर को अमावस्या शाम 4 बजे के बाद शुरू होगी और 1 नवंबर को शाम तक रहेगी। इस कारण देश में ज्यादातर जगह 31 अक्टूबर को दीपावली मनेगी। इस दिन कई ऐसे योग भी बन रहे हैं, जो लक्ष्मी पूजन से लेकर नए कामों की शुरुआत के लिए शुभ रहेंगे।

पंडितों का मानना है कि दीपावली पर शाम को समृद्धि देने वाले 4 राजयोग बनेंगे। शश, कुलदीपक, शंख और लक्ष्मी योग बनने से इस महापर्व का शुभ फल और बढ़ जाएगा। तीस साल बाद दीपावली पर शश राजयोग बन रहा है।

दीपावली हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है जिसे दीपोत्सव भी कहा जाता है। यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व है। दीपावली पर धन और समृद्धि के देवी महालक्ष्मी का विशेष पूजन करने का विधान होता है। शास्त्रों में दिवाली पर महालक्ष्मी का पूजन अमावस्या तिथि पर प्रदोष काल और स्थिर लग्न में सबसे सर्वोत्तम माना गया है। प्रदोष काल के अलावा महानिशीथ काल में लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता लक्ष्मी का प्राकट्य अमावस्या तिथि के संध्याकाल में हुआ था इस कारण से दिवाली का पर्व और लक्ष्मी पूजन प्रदोषकाल और रात्रिकाल निशीथ काल में होती है। वैदिक पंचांग के मुताबिक इस वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि 31 तारीख को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट से शुरू हो रही है और यह तिथि 01 नवंबर को शाम 6 बजकर 16 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। माता लक्ष्मी अमावस्या तिथि में प्रदोष काल और निशिथ काल में भ्रमण करती हैं, इसके कारण माता की पूजा प्रदोष काल और निशीथ काल में करने का विधान होता है।

पंचांग के मुताबिक 31 अक्तूबर, गुरुवार के दिन पूरी रात्रि अमावस्या तिथि के साथ प्रदोष काल और निशीथ मूहूर्त काल भी है। ऐसे में शास्त्रों के अनुसार 31 अक्टूबर के दिन दीवाली का पर्व और लक्ष्मी पूजन करना सबसे अधिक फलदाई होगा, क्योंकि दिवाली का पर्व तभी मनाना उत्तम रहता है, जब प्रदोष से लेकर निशिथा काल तक अमावस्या तिथि रहे।




पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र
के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें
हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी
संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय
मेन चौक, कांकेर रोड, कम्मल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल
मो. 9407909500

खबर संक्षेप

## विभिन्न स्थानों पर 4 से प्लेसमेंट कैंप

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोण्डागांव द्वारा 04 नवम्बर को जनपद पंचायत फरसगांव, 05 नवम्बर को जनपद पंचयत माकड़ी 06 नवम्बर 2024 जनपद पंचायत केशकाल, 08 नवम्बर को जनपद पंचायत बडेऱाजपुर एवं 11 नवम्बर 2024 को लाईवलीहुड कॉलेज कोण्डागांव में समय पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प में एसआईएस एजेंसी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 300 पदों एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 15 पदों सहित कुल 315 रिक्त पदों पर भर्ती की जायेगी। पात्र एवं इच्छुक युवक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि मूल दस्तावेज के छांयाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## देवउठनी एकादशी पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा पूर्व में जारी स्थानीय अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए 12 नवंबर दिन मंगलवार को देवउठनी एकादशी पर्व तुलसी विवाह के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह घोषित स्थानीय अवकाश कोषालय, उपकोषालय एवं बैंकों के लिए लागू नहीं होंगे।

## एकता का संदेश देने दौड़ा धमतरी



**धमतरी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रदेश सहित जिले में भी रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। गांधी मैदान से शुरू हुई इस दौड़ को पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू और कलेक्टर नम्रता गांधी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ सदर बाजार होते हुए घड़ी चौक में सम्पन्न हुई। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने एकता में बल के नारे के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया।

पेज 07 के शेष...

### चार पहिया वाहन...

लिए चारामा के अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया। ईलाज के दौरान 18 अगस्त को मौत हो गया। मृतक की मौत आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 3990 के चालक के द्वारा वाहन को लापरवाही एवं उपेक्षापूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से आई चोट के कारण हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सड़क हादसे में...

नहीं हो पाया था, मर्ग कायम किया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दिया था। कोरर व अन्य थानों को अज्ञात वाहन के बारे में पकड़ने के लिए जानकारी दिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पीएम करवाया और शव को परिजनों को सौंपा गया।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग का समापन एक को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव विकासखंड के ग्राम बुनागाँव में स्थानीय शिक्षक और युवा शिक्षा सारथियों द्वारा कक्षा पाँचवीं के छात्रें के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग शुरू की गई है। यह पाँच दिवसीय प्रातःकालीन कोचिंग सह मार्गदर्शन सत्र 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलेगा। इस विशेष पहल में बुनागाँव और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रें से 30 बच्चे शामिल हो रहे हैं। जो जनपद प्राथमिक शाला बुनागाँव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। शिक्षक सूरज नेताम की देखरेख में आयोजित इस कोचिंग कार्यक्रम में शिक्षित युवा शिक्षा सारथी नरेंद्र सेठिया एमएससी और ज्योति बघेल बीएससी भी मार्गदर्शन दे रहे हैं। यह कोचिंग बच्चों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, जवाहर उत्कर्ष, एकलव्य विद्यालय, प्रयास विद्यालय, आदर्श स्कूल जैसी संस्थानों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर रही है। सूरज नेताम की इस पहल का परिणाम यह है कि उनके मार्गदर्शन में अब तक 50 से अधिक बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर उच्च शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई कर रहे हैं। अभिभावकों के आग्रह पर वे हर साल बच्चों को स्कूल और छुट्टियों के दौरान समय निकालकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवाते हैं। उनका उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचल के बच्चों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान कर उन्हें एक उज्वल भविष्य की ओर ले जाया जाए। बच्चों और अभिभावकों के बीच इस पहल को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है, और इसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को उच्च स्तर पर निखारना है।

### कोचिंग से अनेक विद्यार्थियों को मिली सफलता



#### सही दिशा और मार्गदर्शन की जरूरत

शिक्षक सूरज नेताम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रें के बच्चों में बहुत प्रतिभा होती है। लेकिन उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, ग्रामीण अंचल के अधिकांश अभिभावक आर्थिक स्थिति और जानकारी के अभाव में अपने बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं का फॉर्म तक नहीं भरवा पाते। इसी कारण हम बच्चों के लिए निःशुल्क फार्म भरवाने के साथ ही उन्हें उचित मार्गदर्शन भी प्रदान कर रहे हैं।

**भ्रमण :** गुण्डाधुर महाविद्यालय एमएससी के प्राणीशास्त्र विद्यार्थियों का विशाखापटनम का शैक्षणिक भ्रमण किया

# जूलॉजिकल पार्क विशाखापटनम में छात्रों ने शेर बाघ, चीता, चिम्पांजी, गोरिल्ला का किया अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के एमएससी प्राणीशास्त्र जूलॉजी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण विगत दिनों विशाखापटनम में संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के अनुमोदन से किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष शोभाराम यादव, अतिथि व्याख्याता कमल किशोर जांगड़े, हितेंद्र वर्मा एवं विशेष सहयोगी रवि सूर्यवंशी ने किया। भ्रमण का पहला चरण विशाखापटनम के इंदिरा गांधी जूलॉजिकल पार्क में सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने यहाँ शेर, बाघ, चीता, चिम्पांजी, गोरिल्ला, नीलगाय, सांभर, बारहसिंगा, चीतल, वनभैंसा, जिराफ, जेब्रा, विभिन्न पक्षियों एवं सरीसृपों के विविध प्रजातियों का अध्ययन किया। विषय विशेषज्ञों ने इन जीवों के व्यवहार, पर्यावरण में उनके महत्व और संरक्षण की आवश्यकता के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने वन्यजीवों की



शारीरिक बनावट, आहार, जीवनशैली और उनके आवास पर विशेष ध्यान दिया। जिससे उनके प्राणीशास्त्र ज्ञान में और वृद्धि हुई। सीआईएफटी सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज एंड टेक्नोलॉजी में मस्यियकी की शिक्षा। विद्यार्थी पांडुरंगापुरम स्थित सीआईएफटी केंद्रीय मा्स्यियकी और प्रौद्योगिकी संस्थान पहुंचे। वहां संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ. जो. के. कीजाकूडन ने समुद्री मस्यियकी में विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य और इससे संबंधित मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से बताया। सीआईएफटी के अन्य विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को समुद्री मस्यियकी के विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे कि मछलियों के संरक्षण, पालन–पोषण, और मत्स्य उत्पादन तकनीकों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने संस्थान की प्रयोगशालाओं में जाकर विभिन्न उपकरणों का अवलोकन किया, जिससे उन्हें समुद्री मस्यियकी के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कैलाशगिरी पर्वत और आरके समुद्री तट का भी दौरा किया। कैलाशगिरी पर्वत पर विद्यार्थियों ने उष्णकटिबंधीय मौसम का अनुभव किया और वहाँ के प्रा—तिक परिवेश का अवलोकन किया। महाविद्यालय के विशेषज्ञों ने वहाँ के पर्यावरणीय संतुलन, वनों की उपयोगिता एवं संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही, आरके समुद्री तट पर विद्यार्थियों ने समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का गहन अध्ययन किया। यहाँ विद्यार्थियों ने समुद्री जल की संरचना, तटीय वनस्पतियों और समुद्री जीवों के पारिस्थितिक तंत्र में उनके स्थान और भूमिका पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

# केशकाल घाटी के मरम्मत कार्य में गोलमाल है जांच का विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

राष्ट्रीय राज मार्ग 30 में स्थित केशकाल घाटी एवं नगर की सड़क की स्थिति सभी जन को ज्ञात है किन्तु इसके सुधार होने के स्थान पर स्थिति और जर्जर होती जा रही है इसलिए पूर्व में हुए कार्य की सूक्ष्म एवं विस्तृत जांच, निविदा प्रकिया सहित किए जाने की आवश्यकता है इसके साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों एवं ठेकेदारों की चल अचल संपत्ति की जांच होना आवश्यक है इस संदर्भ में सन्



2017से ले कर अब तक के सभी कार्यों की जांच होना आवश्यक है। विशेषतः यथा बीटी पैच मरम्मत कार्य एन एच 30 (रायपुर से जगदलपुर रोड ) के किमी 132.600से 142.800 (कांकेर शहर) एवं किमी 162.600 से 167.000 (केशकाल घाट भाग) में अंतिम तिथि 23अक्टूबर 2020;अंतिम तिथि 19नवम्बर 2020; निविदा मूल्य 61.51 लाख बीटी . केशकाल घाट भाग में पैच मरम्मत कार्य किमी 162.600 से 167.000तक योग 4.40 किमी अंतिम तिथि 2 दिसम्बर 2019 मूल्य 32.73लाख केशकाल नगर किमी 167.000 से 170.400निविदा की अंतिम तिथि 13जून 201919 जून 2019एवं 6जुलाई2019 केश काल नगर 2.29करोड़ का आवधिक नवीनीकरण कार्य; सुधार कार्य1.55करोड़ ; 2.53 करोड़; 53.34 लाख केसकाल घाट में सुधार कार्य निविदा की अंतिम तिथि 19मई 2017 मूल्य 39.67 लाख ; केशकाल घाट में गार्ड वाल एवं पेंटिंग कार्य 19.79लाख इन कार्यों की जांच आवश्यक है।

# नगर सैनिक भर्ती के लिए जिले की युवतियों को दिया कैरियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं मॉडल कैरियर सेन्टर कोण्डागांव के तत्वाधान में नगर सैनिक भर्ती के लिए युवतियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण सेन्ट्रल लाइब्रेरी कोण्डागांव में दिनांक 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की युवतियों को नगर सैनिक भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण में लगभग 200 युवतियों ने हिस्सा लिया और उन्हें विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इस प्रशिक्षण में जिला प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम और सुश्री रश्मि पोया ने भविष्य में आयोजित होने वाली उच्च स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवतियों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए रोजगार



के अवसरों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे युवाओं के भविष्य को नई दिशा मिल सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पुलिस विभाग की तरफ से उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव और लक्ष्मण पोटाई ने युवतियों को नगर सैनिक भर्ती के लिए लिखित एवं शारीरिक दक्षता तथा मेडिकल टेस्ट के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवतियों को यह भी बताया कि कैसे वे अपनी शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्थिरता को बेहतर बना सकती हैं। ताकि वे सफलतापूर्वक नगर सैनिक भर्ती परीक्षा पास कर सकें। इस प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से युवतियों को अपनी तैयारी के बारे में सही दिशा मिली। व्याख्याता राजेश पांडे और सुश्री अंशु पांडे ने भी युवतियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए और उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर जिले के रोजगार अधिकारी पवन कुमार नेताम और सुश्री केकती बर्मन भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से युवाओं के कैरियर विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस विजन को ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन और रोजगार केन्द्र ने युवतियों के लिए इस विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। ताकि वे नगर सैनिक भर्ती में सफलता प्राप्त कर सकें और समाज में एक नई पहचान बना सकें।

## हिंदू जागरण मंच ने ली युवाओं की बैठक

**कोर्रा(भखारा)।** हिंदू जागरण मंच धमतरी द्वारा लगातार हिंदू समाज को जागृत, संगठित, सक्रिय करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंच के संयोजक प्रवीण साहू, सहसंयोजक पुरुषोत्तम निषाद, प्रतीक सोनी, युवा आयाम एवं प्रचार आयाम आशीष शर्मा, जिला दायित्व एलके साहू, भोला राम साहू, सौरभ मिश्रा, कुमार सिन्हा, सुनील सोलंके, चंद्रकला साहू ने ग्राम मेघा में पहुंचकर हिंदू जागरण मंच के प्रमुख उद्देश्यों को युवा बंधुओं के बीच रखा तथा समाज से आग्रह किया कि हम सभी को एकजुट होकर अपने धर्म को मजबूत करना चाहिए। कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए। मौके पर पुरूषोतम पटेल, मिथिलेश साहू, केवल साहू, धात्री निषाद, नीलम निषाद, डोमेंद्र सिन्हा, देव निषाद को ग्राम मेघा की जिम्मेदारी दी गई।






# दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...







## M.S. मोटर्स



सभी प्रकार की नई एवं पुरानी गाड़ियों की खरीदी-बिक्री की जाती है एवं गाड़ियों का बीमा किया जाता है।



प्रो. मोनू साहू
9406026726

टू व्हीलर वाहनों के विक्रेता

पारस साहू
7587498989

पीजी कॉलेज के पास, रायपुर रोड, कांकेर - 494334 (छ.ग.)

## M.S. मोटर्स

ESCORTS POWERTRAC



पावरट्रेक ट्रेक्टर्स
अधिकृत विक्रेता : कांकेर

प्रो. ऋषभ साहू
9098814848

मोनू साहू - 9406026726

ऑक्सीजन पार्क के सामने गजबल्ला कॉम्प्लेक्स NH रोड कांकेर (छ.ग.)






# यादव होटल एवं नेकी हसन स्वीट्स एंड नमकीन

की ओर से आप सभी कांकेर वासियों को

## दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





प्रो. किशन यादव

- यादव होटल भंडारी पारा, कांकेर
- नेकी हसन स्वीट्स एंड नमकीन सुमित बाजार के बाजू मेन रोड कांकेर, मो. 7470433715

खबर संक्षेप

## विधायक ने दीपावली पर मिट्टी के दीए जलाने की अपील की



भानुप्रतापपुर। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सभी प्रदेश व क्षेत्रवासियों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए। अपने क्षेत्र में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। विधायक मंडावी ने बधाई संदेश में कहा कि दीपावली का पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। रोशनी का यह पर्व सभी के जीवन को ज्ञान, ऊर्जा और आरोग्य से प्रकाशित करें। यह उत्सव सभी मेरे प्रदेश, क्षेत्रवासियों व देशवासियों के घर-परिवार को खुशियों से रोशन करे और सभी के कार्य सफल हों। साथ ही उन्होंने प्रकाश पर्व को ईको फ्रेंडली तरीके से मनाये जाने व पर्यावरण संरक्षण को भी ध्यान में रखने की अपील की। विधायक ने इस दीपावली पर सभी से मिट्टी के दीपको का उपयोग करने और ध्वनि-वायु, प्रदूषण से बचने के लिए परंपरागत कम धुए वाले ग्रीन पटाखों का उपयोग कर एक सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने की अपील करते हुए कहा हम सब मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

### राहत : सुनवाई एसडीएम और नोडल अधिकारी की उपस्थित में हुई

# पुष्प स्टील एंड माइनिंग को अंततः उद्योग क्षमता बढ़ाने के लिए मिली पर्यावरण विभाग की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम चेमल में लौह अयस्क का उत्खनन करने वाली कंपनी पुष्प स्टील एंड माइनिंग प्राईवेट लिमिटेड को एक धक्का खाने के बाद अंततः 66 हेक्टेयर में वर्तमान क्षमता 0.4 मिलियन टन से 1.2 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्खनन को लेकर 30 अक्टूबर को आयोजित पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई में स्वीकृति मिल गई।

दुर्गुकोंदल के सामुदायिक भवन में 30 अक्टूबर को आयोजित लोक सुनवाई सुबह 11 बजे एसडीएम भानुप्रतापपुर एवं नोडल अधिकारी आस्था राजपूत के उपस्थिति में प्रारंभ हुई। लोक सुनवाई में प्रभावित क्षेत्र ग्राम एड़गुड़, बुदेली, चेमल, भेजर, तुमरीसुर, आमागढ़ के ग्रामीण शामिल हुए। 90 प्रतिशत लोगों ने लोक सुनवाई का समर्थन किया है और क्षेत्र के लोगों को रोजगार देने साथ ही क्षेत्र की विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनहित को विशेष प्राथमिकता देने की मांग के साथ लोक सुनवाई में उत्खनन क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरण स्वीकृति देने के लिए समर्थन किया। हानपतरी के पूर्व सरपंच रामचंद्र कल्लो ने कहा कि हम लोक सुनवाई का समर्थन करते हैं, पुष्प स्टील कंपनी को 1.2 मिलियन टन उत्खनन क्षमता विस्तार के लिए शासन से पर्यावरण स्वीकृति मिले। क्षमता विस्तार होने से रोजगार के अवसर मिलेगी। हमारी मांग है कि क्षमता विस्तार हो और क्षमता विस्तार होने के उपरांत अंचल के अन्य गांवों के लोगों को भी कंपनी रोजगार देगी। खंडी घाट परिवहन समिति के अध्यक्ष राजकुमार बढाई, संजय पटेल ने जन सुनवाई का समर्थन करते हुए कहा कि कंपनी के द्वारा लोडिंग और अनलोडिंग पर समय कराएं, ट्रक भाड़ा दर बढ़ाया जाएं। कम भाड़ा के कारण ट्रक मालिकों को आर्थिक क्षति हो रही है। क्षेत्र में खदान खुलने माइंस प्रभावित क्षेत्र के लोगों को रोजगार दिया जाए। क्षमता विस्तार होने पर दुगुना मजदूर रखा जाए। क्षमता विस्तार के उपरांत शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी शिक्षा के लिए आईटीआई की स्थापना की जाए। हाहालददी चाहचाड़ ट्रक परिवहन संघ के अध्यक्ष जगतराम दुग्गा, परिवहन संघ सदस्य और हाहालद्दी के मालगुजार वीरेंद्र ठाकुर, जगन्नाथ साहू ने कहा कि जनसुनवाई क्षमता विस्तार का समर्थन करते हुए कहा कि प्रभावित क्षेत्र का ध्यान रखते हुए लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार दी जाए, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई, साथ परिवहन संघ दुर्गूकोदल को 60 प्रतिशत रेश्यो देने की मांग किया है। ग्राम पंचायत गुदुम के भूतपूर्व सरपंच शकुंतला नरेटी ने जनसुनवाई का समर्थन करते हुए कहा कि प्रभावित क्षेत्र के गांवों में विशेष सुविधा प्रदान करें, जिसमें स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल लोगों को रोजगार की मांग किया है। ग्राम पंचायत गुदुम के आश्रित ग्राम धनवाफूलचुर को प्रभावित ग्राम में शामिल करने की मांग किया है। खदान खुलने से रोजगार की अवसर बढ़ती है। हम चाहते हैं कि वर्तमान क्षमता से 3 गुना खनन क्षमता लोक सुनवाई के बाद बढ़ेगी। कंपनी और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग करती हूं। वर्तमान मजदूर संख्या से 3 गुना मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए। माइंस से लोग रोजगार की अपेक्षा करते हैं। माइंस क्षेत्र की आम जनता और मजदूर लोक सुनवाई की समर्थन कर रहे हैं। कंपनी लोगों की अपेक्षा पूरा करे।





### आम आदमी, परिवहन संघ और श्रमिकों ने दिया समर्थन

मेंसर्स पुष्प स्टील लिमिटेड हाहालददी चेमल के अधिकृत अधिकारी माइंस मैनेजर राजेश गुप्ता ने कहा कि लोक सुनवाई में क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरण स्वीकृति का अधिकांश लोगों ने समर्थन किया है। लोक सुनवाई में माइंस प्रभावित क्षेत्र के आम नागरिकों और परिवहन संघ के पदाधिकारी, मजदूरों ने पहुंचकर समर्थन किया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल अधिकारी शैलेश पिस्दा, जिला खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा, एसडीएम चारामा एनके बंजारा, एसडीपीओ प्रशांत पैकरा, तहसीलदार दुर्गुकोंदल केतन भोयर, तहसीलदार भानुप्रतापपुर सुरेंद्र कुमार उर्वशा, थाना प्रभारी दुर्गुकोंदल योगेश सोनी, थाना प्रभारी लोहत्तर संदीप बंजारे, एएसआई कैलाश पांडे, दाऊलाल भट्ट एवं माइंस प्रबंधक सूर्यशेखर तिवारी सहित माइंस प्रभावित क्षेत्र के मजदूर, ग्रामीण, आम नागरिक, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### पुष्प स्टील क्षेत्र और गांव हित में भी करता है काम

*बोदेली निवासी सहदेव तुलावी, सुध्दू तुलावी, सुखदू तुलावी, धरमसिंह नरेटी, शांतिबाई उयके, सोपसिंह आंचला, हरेश कुमार रावटे ने लोगों ने लोक सुनवाई का विरोध करते हुए कहा कि पुष्प स्टील सिर्फ खदान चलाना चाहती है। क्षेत्र के हित और गांव हित में कोई कार्य नहीं करती। हमारी मांग है कि उत्खनन क्षमता विस्तार न हो पर्यावरण स्वीकृति न दिया जाए। क्षेत्र में वर्ष 2006 में जन सुनवाई कंपनी ने आश्वासन दिया था कि क्षेत्र का विकास करेंगे, रोजगार देंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लोगों को सुविधा देंगे, लेकिन पुष्प स्टील परिवहन कार्य 2017 में प्रारंभ हुई है, शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई कार्य नहीं हुआ है। कौशल विकास आईटीआई ट्रेनिंग भी बेरोजगारियों के लिए नहीं खोली गई है। सभी लोगों को रोजगार नहीं मिला हैं।*

## धक्का मुक्की कर फोड़ा युवक का सिर, चार के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




कांकेर थानांतर्गत ग्राम गोविंदपुर में तालाब की ओर शौच के लिए गए युवक के साथ पड़ोस के गांव में रहने वाले चार लोगो ने मिलकर मारपीट व धक्का मुक्की किया। मारपीट से युवक के सिर से खून बहने लगा, जिसकी शिकायत युवक ने कांकेर थाना में किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे गोविंदपुर निवासी 38 वर्षीय सलन तोपनो पिता गोसनर तोपनो ने पुलिस को बताया कि 28 अक्टूबर की रात करीबन साढ़े 9 बजे फ्रेस होने के लिए गांव के तालाब की ओर गया था, जहां पर ग्राम अर्जुनी के विमल जैन, जग्गू मंडावी, संदीप जैन, जयंत नरेटी मिले। मुझे देखकर पुरानी बातो को लेकर आरोपियों ने गाली देना शुरू कर दिया, मना करने पर हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगे, जिससे मेरे दाहिने हाथ, सीना मे चोट आया है। चारो के द्वारा धक्का मुक्की करने से मै जमीन पर गिर गया, जिससे मेरे सिर मे चोट लगा और खुन बहने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## दाना तूफान से मौसम में आया बदलाव, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



देश में आया दाना तूफान भले ही कमजोर रहा हो, लेकिन यह साइक्लोन कांकेर जिले के मौसम में बदलाव ला दिया है। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवात तूफान कमजोर पड़ने के बाद हवा के ऊपरी भाग में यह साइक्लोन के रूप में बदल गया है, जिसके चलते दो दिनों से हल्की बारिश हुई है, जिससे जिले का मौसम दो दिनों में बदल गया है। इस मौसम बदलाव से सबसे ज्यादा किसान चिंतित नजर आएं।

मौसम विभाग ने बताया कि दाना साइक्लोन के असर से छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कुछ हिस्सो में बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताया था, उसी के तहत 29 एवं 30 अक्टूबर को बूंदाबांदी हुई। इसके साथ ही 40 किमी.प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलती रही। इस मौसम का प्रभाव जिले के अधिकतम तहसील में देखने को मिला। बारिश और बूंदाबांदी के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इस बार धनतेरस और छोटी दीवाली पर बूंदाबांदी हुई, इस बूंदाबांदी के चलते किसान धान कटाई और मौसम की बेरुखी से किसान खासे चिंतित हैं। दो दिनों से बादल छाएं रहने और 29 एवं 30 को हुई बूंदाबांदी से किसान परेशान हो गए है। दीपावली जैसे बड़े त्योहार के पहले हरूना किस्म की धान कटाई लायक हो चुकी है, उसे भी नहीं सहेज पाए हैं। बदली के चलते धान फसल में तेजी से बीमारी बढ़ सकती है। खासकर इन दिनों भूरा माहो व चाप नामक बीमारी फसल को अपने चपेट में ले लेते है। कटाई करनी है उसमें मजबूरीवश दवा का छिड़काव करना पड़ सकता है। दीपावली के दिन मौसम जस का तस रहता है, यह बदलाव देखने को मिलता है, कुछ कहा नहीं जा सकता। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 10 दिनों तक मौसम में उतार व चढ़ाव देखने को मिलेगा।

## आम जनता दीपावली सद्भावना व भाईचारे के साथ मनाएं : पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

थाना चारामा क्षेत्रांतर्गत लगे पटाखा बाजारों का चेक किया गया, चेकिंग के दौरान पटाखा दुकानों में पटाखा विक्रेताओं को सुरक्षा संबंधित दिशा निर्देश दिया गया। सभी पटाखा स्टालों में 2 फायर बाटल आवश्यक रूप से रखें। बाल्टी में रेत भरकर आवश्यक रूप से रखे, अकास्मिक परिस्थिती को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता अनुरूप पानी टेंकर एवं रेत रखे, डेमो के तौर पर स्टाल के सामने कोई भी पटाखा न फोड़े।

सभी पटाखा स्टालों में सीसीटीवी कैमरा 15 दिवस स्टोरेज के साथ लगाने, किसी भी व्यक्ति को बीड़ी सिगरेट पीते हुए अंदर स्टाल के सामने प्रवेश वर्जित का बोर्ड लगाने एवं मना करें, पटाखा स्टाल पर चौकीदार लगाकर रखने की बात कही गई। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील किया कि ईमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थ से दूर या खुले स्थानों पर ही पटाखे जलाए। छोटे बच्चों द्वारा पटाखे जलाते समय जिम्मेदार व्यक्ति उपस्थित रहें। अधजले पटाखे को दोबारा जलाने का प्रयास न करें।

पटाखे जलाते समय हमेशा हवा की दिशा का ध्यान रखे, जिससे उसकी चिंगारी घरो या व्यक्तियों की ओर न उड़े। घर या बंद स्थानों पर कभी पटाखे न जलाए। चकरी पटाखे को जलाते समय पैर से न मारे। फुलझरी, चकरी एवं अनारदाना जलाने के बाद उसे पानी की बाल्टी में सुरक्षित तरीके से एकत्र कर रखें।

पटाखे जलाते समय ढीले व सुती वस्त्र पहने जिसे आग न पकड़ें। पटाखे किसी बोतल या गोबर या किचड में रखकर न फोड़ें। किसी भी पटाखे को हाथ में पकड कर न फोड़ें। दीपक घर व दुकानों में उतना ही घी या तेल भरे जो आपके रहते हुए पूर्ण रूप से जल जए।

## दिवाली रोशनी का ही नहीं, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



दीपावली का त्योहार सिर्फ रोशनी और खुशियों का ही नहीं बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि का स्वागत करने का पर्व भी है। दिपावली पर्व को लेकर दुर्गुकोंदल अंचला में हर जगह धूम मची हुई है। बाजार रोशनी से नहाया हुआ है। हर तरफ रंग बिरंगी लाइट्स, मूर्तियों से दुकानें सजी हुई हैं।

दिवाली को दीपों का पर्व कहा जाता है। पंचांग के अनुसार हर साल कार्तिक मास की अमावस्या तिथि पर दीपावली मनाई जाती है। इस बार दिवाली की अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को दोपहर 3.52 बजे से शुरू होगी। अगले दिन 1 नवंबर को शाम 6.16 बजे इसका समापन होगा। कहते हैं कि दिवाली के दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की उपासना करने से घर में धन दौलत की बरसात होती है।

दिवाली के दिन सूर्यास्त के बाद यानी प्रदोष काल में धन की देवी माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर देवता की पूजा होती है। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की अमावस्या की रात को मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक में भ्रमण के लिए आती हैं। जिन घरों में साफ-सफाई, पूजा-पाठ औ मंत्रोचार होता है। वहां पर निवास करने लगती हैं। इसलिए दिवाली की शाम महालक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व होता है। हिंदू धर्म में कोई भी व्रत या त्योहार उदया तिथि के आधार पर तय होता है, लेकिन दिवाली पर माता महालक्ष्मी की पूजा अमावस्या तिथि को रात्रि में होती है। 31 अक्टूबर को पूरी रात अमावस्या तिथि रहेगी। इसी दिन लक्ष्मी पूजन किया जाता है। इस मौके पर लोग घर, दुकान, ऑफिस और फैक्ट्री में हर जगह पूजा करते हैं। लक्ष्मी पूजन के लिए स्थिर लग्न बहुत ही शुभ और श्रेष्ठ माना जाता है। 31 अक्टूबर को वृषभ लग्न की शुरुआत शाम 06.25 बजे से रात 8.20 तक है। इस तरह से 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन के लिए शुभ मुहूर्त शाम 06.25 बजे से रात 8.20 बजे तक है। इस दौरान दुकान, घर, ऑफिस और फैक्ट्री में पूजा कर सकते हैं।









## सब इंस्पेक्टर पद पर चयन, दीपावली पर खुशी हुई डबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सब इंस्पेक्टर चयन 2018 से चल रही प्रक्रिया में चयन सूची दीवाली के पहले जारी हुई। चयनित अभ्यर्थियों की खुशियां दुगुनी हो गई। थाना भानुप्रतापपुर के अंतर्गत चौकी कच्चे की बस्तर फाइटर वेदवती कुमेटी का चयन सब इंस्पेक्टर के रूप में हुआ है।

वही कच्चे चौकी के ही आरक्षक मनीष मंडावी का चयन भोथिपार गुंडरदेही का चयन हुआ। भानुप्रतापपुर के नयापारा अनिमेष दास का भी चयन हुआ, वही कुकरीपारा नारायणपुर के किसान की बेटी सुषमा मंडावी का भी एसआई में चयन हुआ है। इसके आलावा भानुप्रतापपुर के नयापारा अनिमेष दास का भी चयन हुआ।

### पिता आरक्षक, बेटी बनी सब इंस्पेक्टर



*आरक्षक के लिए चयनित वेदवती कुमेटी ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि मेरे पिता सोमारू राम कुमेटी भी भानुप्रतापपुर थाने में आरक्षक है। पिता को बचपन से देखकर पुलिस विभाग में आने का फैसला लिया और 2018 एसआई का चयन प्रक्रिया में शामिल हुई थी। इसका परिणाम नहीं आने पर 2022 में बस्तर फाईटर के लिए हुई परीक्षा में चयन हुआ और तब से बस्तर फाईटर के तहत आरक्षक के रूप में सेवाएं दे रही हूँ। लंबे इंतजार के बाद दीवाली पर चयन सूची में मेरा नाम आने से बहुत खुशी है। वेदवती नक्सल इलाके अंतागढ़ के बैयहासाल्हेभाट की रहने वाली है, इसके बाद उनकी हौसला ने एसआई बनाया।*

### किसान की बेटी बनी सब इंस्पेक्टर



भानुप्रतापपुर नारायणपुर कुकरीपारा निवासी किसान मेहत्तर मंडावी की बेटी सुषमा मंडावी का भी सब इंस्पेक्टर के लिए चयन हुआ, उन्होने कहा कि 6 साल बाद परिणाम आया है। इस परिणाम के आने के बाद दीवाली के पहले भानुप्रतापपुर से लगे ग्राम नारायणपुर में खुशी देखने को मिली। पूरे गाँव को किसान की बेटी की इस सफलता पर फक्र है।

### आरक्षक से बने प्लाटून कमांडर



*प्लाटून कमांडर के लिए चयनित कच्चे चौकी में पदस्थ आरक्षक मनीष मंडावी ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि बचपन से ही पुलिस में जाने का मन था। पिछले 10 वर्षो से आरक्षक हु, अब एसआई में चयन होने से बहुत खुशी मिली है। भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।*











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मोदी ने दीपावली पर दिया बड़ा तोहफा : महेश

**जगदलपुर।** केंद्र सरकार द्वारा बस्तर संभाग के जिलों को पेट्रोल-डीजल में कटौती देने पर सांसद



महेश कश्यप ने कहा कि बीजापुर, सुकमा ,दंतेवाड़ा को दीपावली के शुभ अवसर पर पेट्रोल-डीजल के दामों पर कटौती कर मोदी की गांरटी पर भाजपा सरकार ने मुहर लगा दी है। केंद्र सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगो की जेब मे राहत पहुंचाते हुए सरकार के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य को चरितार्थ किया है। सांसद ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का निर्णय अभिनंदनीय है।

### राज्य स्थापना दिवस पर किया जाएगा दीप प्रज्ज्वलन

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर (1 नवम्बर को) सभी जिला मुख्यालयों में एवं प्रमुख नगरों में दीप प्रज्ज्वलन किया जाना है तथा नागरिकों से अपने घरों में राज्य स्थापना दिवस को दृष्टिगत रखते हुए दीप प्रज्ज्वलन करने हेतु अपील किया गया है।

### विद्यार्थियों व शिक्षकों ने ली शपथ

**गीदम।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रतिवर्ष इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इसी कड़ी में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण जावंगा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुआ। जिसके बाद विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह द्वारा बच्चों को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन और उनके भारत की एकता और अखंडता में योगदान के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाये रखने विद्यार्थी व शिक्षकों द्वारा शपथ ली गई।

## वनस्पति और वन्यजीवों की समृद्धि, पर्यटन स्थल और प्राकृतिक आकर्षण

# राष्ट्रीय उद्यान में प्रकृति, संरक्षण व रोजगार का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान 1982 में स्थापित हुआ और यह क्षेत्र अपनी समृद्ध जैव विविधता, प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीव संरक्षण के लिए जाना जाता है। लगभग 200 वर्ग किलोमीटर में फैले इस अद्वितीय उद्यान में सघन वन, चूना पत्थर की गुफाएं, और कई जलप्रपात हैं, जो इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाते हैं। कांगेर घाटी के जंगलों में साल, सागौन और बांस के साथ-साथ कई औषधीय पौधे भी पाए जाते हैं, जो इसे जैव विविधता की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बनाते हैं। इसके अलावा उद्यान में प्रकृति, संरक्षण और रोजगार का संगम है।

राष्ट्रीय उद्यान में विभिन्न प्रकार की वनस्पति पाई जाती है, जिसमें शुष्क पर्णपाती से लेकर आर्द्र उष्णकटिबंधीय जंगल शामिल हैं। यहां तेंदुआ, जंगली सूअर, चीतल, नीलगाय, और पहाड़ी मैना जैसे दुर्लभ वन्यजीव पाए जाते हैं। इसके अलावा, यहां की नदियों और जलाशयों में मगरमच्छ और विभिन्न प्रकार की मछलियां भी देखी जा सकती हैं। कांगेर घाटी के प्रमुख आकर्षणों में कांगेर नदी, तीरथगढ़ जलप्रपात और कोटमसर गुफाएं शामिल हैं। तीरथगढ़ जलप्रपात अपनी शानदार जलधाराओं से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है, जबकि कोटमसर गुफाएं अपने भूमिगत प्राकृतिक संरचनाओं और रहस्यमयी वातावरण के लिए जानी जाती हैं। उद्यान में हर साल हजारों पर्यटक आते हैं, जो यहां की प्राकृतिक विविधता और शांति का अनुभव करना चाहते हैं। कांगेर घाटी के गाइड न केवल पर्यटकों को वन्यजीवों और प्राकृतिक स्थलों की जानकारी देते हैं, बल्कि वे आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को भी साझा करते हैं। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर्यटन को और भी समृद्ध बनाता है और स्थानीय पहचान को मजबूत करता है। गाइडों का यह कार्य न केवल उनके समुदाय में सम्मान बढ़ाता है, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनता है। इस नए रोजगार ने उन्हें अपने गांव में ही रहकर आजीविका कमाने का अवसर प्रदान किया है। इससे गांवों में विकास के नए रास्ते खुले हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिला है।



### स्थानीय लोगों को दे रहे रोजगार

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने कहा कि गाइडिंग एक सशक्त माध्यम बन गया है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलते हैं। कांगेर घाटी के गाइडों का योगदान इस उद्यान को एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाने में बेहद महत्वपूर्ण है। वर्तमान में 10 और नेचर गाइड का चयन किया जा रहा है ताकि 35 जिप्सी के लिए 35 गाइड हो जिससे संचालन में आसानी हो और स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर की योजना तैयार की जा रही है ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया जा सके।

### प्रकृति प्रेम, जज्बा महिला गाइड



मावलीपदर गांव की रहने वाली, कांगेर घाटी की एकमात्र महिला गाइड मनीषा नाग हैं। 12 वीं तक शिक्षा प्राप्त करने वाली मनीषा का प्रकृति प्रेम और जज्बा उनके कार्य को और भी विशेष बनाता है। पर्यटक उनकी सेवाओं से बेहद संतुष्ट होते हैं और अक्सर उन्हें सराहना और टिप्स देकर सम्मानित करते हैं। मनीषा ने बताया कि उन्होंने अपनी स्कूटी पर्यटकों द्वारा दिए गए टिप्स से खरीदी है, जो उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

### गाइड के रूप में कार्य कर रहे ईश्वर



ईश्वर बघेल धुड़मारास गांव के निवासी एक और प्रेरक गाइड हैं। ईश्वर न केवल जिप्सी में गाइड के रूप में कार्य करते हैं, बल्कि अपने अनुभव और जानकारी के आधार पर व्यक्तिगत गाइड के रूप में भी सेवा देते हैं। उन्हें बिलासपुर, ओडिशा और अन्य क्षेत्रों के टूर ऑपरेटर्स द्वारा बुकिंग मिलती है, जिससे उनकी आमदनी में भी इजाफा होता है। ईश्वर का गहन ज्ञान और स्थानीय संस्कृति के प्रति प्रेम पर्यटकों के अनुभव को और भी समृद्ध बनाता है।

# जनजाति चित्रकला में राकेश कश्यप अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य स्तरीय सांस्कृतिक साहित्यिक कला उत्सव में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय करपावड, बकावंड के छात्रों ने सीनियर वर्ग जनजाति समूह नृत्य में 75 विद्यालयों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- जनजाति सांस्कृतिक कला उत्सव में एकलव्य आदर्श विद्यालय करपावंड समूह नृत्य में राज्य में प्रथम



जनजातीय चित्रकला में राकेश कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह विद्यालय सहित समूचे बस्तर के लिए गौरव का विषय है। अब राज्य स्तरीय विजेता प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक साहित्यिक कला उत्सव भुवनेश्वर उड़ीसा में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुरस्कृत करते हुए आयुक्त एवं सचिव छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आवासीय आश्रम एवं शैक्षणिक संस्थान समिति अटल नगर नया रायपुर नरेंद्र दुग्गा ने विजेता टीम का उत्साहवर्धन करते हुए अत्यंत सहज एवं सरल भाव से आवश्यक एवं आकर्षक वेशभूषा तैयार कर राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराने की बात कही। साथ ही इस उपलब्धि के लिए संस्था के प्राचार्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में शिक्षक सांस्कृतिक प्रभारी संगीत प्रभारी को मुक्तकंठ से प्रशंसा कर बधाई दिया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का नेतृत्व संस्था के सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षक व्याख्याता पीजीटी हिंदी ओमप्रकाश चंद्रवंशी एवं संगीत शिक्षक उर्वशी भीमते, कला के शिक्षक यामिनी पैकरा,सहायक छात्रावास अधीक्षक शुभम दहिया ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बस्तर गणेश राम सोरी, प्राचार्य एकलव्य आदर्श विद्यालय करपावड, बकावण्ड डॉक्टर उषा शुक्ला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिभागी एवं उनके मार्गदर्शन शिक्षकों को बधाई देते हुए बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रतिभागियों को विद्यालय से लेकर राज्य स्तर तक की प्रतियोगिता में पहुंचाने में संस्था के अधीक्षक निशांत द्विवेदी, ऐश्वर्य डनसेना, कृष्णा डड़सेना, पिनाक चौहान,मनीषा राजपूत, वंदना यादव,काजल कुंजन का सक्रिय योगदान रहा।

# सेवानिवृत्त हुए 12 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस. ने बुधवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समारोह में कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवाकाल के समाप्ति के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। आगामी दिनों में सेवानिवृत्ति दिवस पर ही शत-प्रतिशत सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान करने हेतु हरसंभव पहल की जाएगी। प्रशासन की कोशिश है कि सेवानिवृत्ति के साथ ही सम्बंधित शासकीय सेवकों को लंबे समय तक शासकीय सेवा के परिश्रम का सभी स्वत्वों का समय पर भुगतान किया जाए। उन्होंने लम्बी अवधि तक शासकीय दायित्व निभाने और जनसेवा करने तथा शासन-प्रशासन



का सहयोग देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखमय जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर ने बुधवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में माह अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। वहीं इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि सितंबर माह में सेवानिवृत्त 20 शासकीय सेवकों में से 12 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। शेष सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के प्रकरणों में जल्द कार्यवाही पूर्ण कर पीपीओ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आगामी माह अन्य स्वत्वों के भुगतान के बारे में भी अवगत कराया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सेवानिवृत्ति दिवस पर ही सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान करने सहित सम्मानित किए जाने की पहल को सराहनीय प्रयास निरूपित किया। इस दौरान जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त शासकीय सेवक मौजूद थे।

# आंखों के ऑपरेशन ने बदल दी गीता की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ऐ पर्वत तू हंसता था जिसकी लाचारी पर, तेरी चोटी पर वो खड़ा है बैसाखियां लेकर।

जी हां, कुछ ऐसी ही कहानी है मूली गांव में रहने वाली 18 साल की कु. गीता कश्यप की। दैनिक कामकाज निपटाने के लिए भी उसे दूसरों का हाथ थामना पड़ता था, लेकिन मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन हो जाने के बाद अब गीता पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो चुकी है।

- रोजमर्रा के कार्यों के लिए अपनी मां-बहन का हाथ पकड़कर चलने को कभी मजबूर थी गीता

जिले के बकावंड ब्लॉक के ग्राम मूली की रहने वाली गीता ने बताया कि एक वर्ष पूर्व 9वीं पढ़ रही थी। उस समय उसे दिखना बंद होने लगा। मजबूरी में गीता ने पढ़ाई छोड़ दी और घर पर रहने लगी। धीरे-धीरे दोनों आंखों से दिखना बंद हो गया। हालात ऐसे हो गए कि उसे दैनिक क्रियाकर्म के लिए भी निर्भर रहना पड़ता था। उसके लिए यह परेशानी का बड़ा सबब था। जीवन में निराशा छाने लगी। पिता गणेश ने उसकी आंखों की जांच करवाई। महारानी हास्पिटल के डाक्टरों ने बताया कि गीता की आंखों में मोतियाबिंद है, जिसके बाद 21 अगस्त को सफल ऑपरेशन किया गया। अब गीता देख सकती है।





अलग खबर

### अब पढ़े सकेगा अमन

बाबू सेमरा निवासी लच्छैन नाग ने बताया कि उसका 7 वर्षीय पुत्र अमन के आंखों से धुंधला दिखाई दे रहा था। उसके कुछ महीने बाद ही पूरी तरह से दिखना बंद हो गया था, इसके चलते स्कूल में भी नहीं भेजा। डॉक्टर को दिखाने के बाद पता चला कि उसे मोतियाबिंद है। उसका ऑपरेशन किया गया तो वह दोनों आंखों से दिख रहा है, अब उसे पढ़ाएंगे।

### दोनों आंख से देख पा रही अंजलि

बस्तर ब्लॉक के सुदापाल निवासी 11 वर्षीय अंजलि बघेल ने बताया कि उसके पिता सुखराम खेती किसानी करते हैं। उसके आंख में धुंधला दिखने से परेशान रही, कुछ माह से वह नेत्रहीन हो गई थी। उसकी आंख को लेकर परेशान रहे, लेकिन गांव में पदस्थ स्वास्थ्यकर्ता को इसकी जानकारी दी। उसने महारानी अस्पताल में उसे लाकर जांच कराया तो पता चला कि उसके आंख में मोतियाबिंद है, जो ऑपरेशन से सही हो जाएगा। उसके बाद पिता ने डॉक्टर से चर्चा की और उसके आंख का ऑपरेशन कराया अब वह दोनों आंख से देख पा रही है।

### जन्मजात होता है मोतियाबिंद

शासकीय जिला महारानी अस्पताल की वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी डॉ सरिता थॉमस ने बताया कि बच्चों में जन्मजात मोतियाबिंद रहता है। माता-पिता को भी जन्मजात बीमारी का आभास नहीं हो पाता। उम्र बढ़ने पर बच्चे को आंखों से कम दिखाई देने का पता चला, बच्चा दूर की वस्तुओं को नहीं देख पाता था। रोशनी में नजदीक से हाथों के इशारे को समझने की कोशिश करता था, ऑपरेशन होने के बाद बच्चा स्वस्थ हो जाता है। बच्चे की दोनों आंखों में मोतियाबिंद है, दो चरण में दोनों आंखों का ऑपरेशन किया गया है, जिससे बच्चे आंखों से दुनिया देख पा रहे हैं।

## बिजनेस साइट

### वाहेगुरु होंडा में दीपावली पर आफर ही आफर



**जगदलपुर।** दीपावली के शुभ अवसर पर वाहेगुरु होंडा, जगदलपुर, अपने ग्राहकों के लिए होंडा शाइन 100cc बाइक पर एक विशेष धुआंधार डिस्काउंट ऑफर लेकर आया है। यह अद्वितीय ऑफर 31 अक्टूबर तक सीमित है।

इस ऑफर के अंतर्गत, होंडा शाइन 100cc पर 1100/- का शगुन डिस्काउंट और 3900/- का अतिरिक्त डिस्काउंट दिया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को कुल 5000/- की बचत का लाभ मिल रहा है। कंपनी के अनुसार, यह पहली बार है कि दो पहिया वाहनों पर इस प्रकार का विशेष ऑफर दिया जा रहा है। इस ऑफर के साथ ही, होंडा शाइन 100cc पर 10 वर्षों की वॉरंटी (3 वर्ष की मानक वॉरंटी और 7 वर्ष की अतिरिक्त वॉरंटी) प्रदान की जा रही है, जिसमें प्रथम वर्ष की सर्विस पर विशेष छूट भी शामिल है।

वाहेगुरु होंडा अपने ग्राहकों को इस विशेष ऑफर के तहत एक्सचेंज मेला में भाग लेने का भी अवसर दे रहा है। किसी भी पुराने टू व्हीलर वाहन को लाकर एक्सचेंज करने पर ग्राहकों को 2000/- का एक्सचेंज बोनस दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने वाले ग्राहकों के लिए 5000/- तक का कैशबैक ऑफर भी मौजूद है। इन सभी लाभों को मिलाकर ग्राहकों को लगभग 12,000/- तक की छूट प्राप्त हो सकती है।

वाहेगुरु होंडा ने अपने ग्राहकों के लिए आसान फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध करवाई है, जिसमें 1199/- की डाउन पेमेंट पर 7.99% की ब्याज दर पर तत्काल फाइनेंस सुविधा प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, डिजिटल लोन और कम ब्याज दरों पर फाइनेंस विकल्पों का भी लाभ उठाया जा सकता है।

# मेहनत और लगन से महिलाएं खुद लिख रही अपनी तकदीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मेहनत और लगन के बूते महिलाएं अपनी तकदीर खुद लिख रही हैं। आत्मनिर्भर बनकर घर परिवार चला रही हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आय बढ़ाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं, जिनमें महिलाएं समूह बनाकर दीए तैयार कर रही हैं और उनकी बिक्री कर रही है। जिससे उनकी आमदनी बढ़ने से आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। बस्तर जिले के स्व-सहायता समूह तारापुर एवं माता हिंगलाजिन स्व-सहायता समूह देवड़ा की महिलाओं ने दीपावली के अवसर पर बिक्री के लिए मिट्टी के स्वनिर्मित आकर्षक और सुंदर दीया बना रही हैं। समूह की रतना, आरती, सनमती एवं शांति द्वारा दीपावली के अवसर पर आकर्षक, सुंदर दीया बिक्री करने के लिए लगभग 25-30 हजार दीये तैयार कर चुकी है, जिसे बाजार में बिक्री किया जाएगा। जिले के एसएचजी के राजकुमार देवांगन ने बताया कि स्वरोजगार से जुड़कर सहायता समूह की महिलाएं हो रही हैं अब आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। समूह के सदस्यों ने कहा कि योजना का लाभ मिलने से अधिक से अधिक दीया बनाकर बाजार में बिक्री कर अच्छी आमदनी होती है और होने वाले आमदनी को आपस में बराबर-बराबर बांटा जाता है। समूह के सभी सदस्य मिलकर यह कार्य करते हैं।

### आर्थिक सुधार हो रहा

तारापुर निवासी रतना एवं आरती ने बताया कि वह समूह द्वारा बनाए मिट्टी के दीये बनाया गया है, जिसको बाजार में बिक्री करते हैं, इससे काफी आमदनी होगी। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। दीए के लिए उड़ीसा स्थित नदी से मिटटी लाते हैं। दीए बनाने के लिए शासन प्रशासन की ओर से मशीन या उपकरण नहीं दिया गया, इसके चलते महिलाएं चाक चला रहे हैं।

# 77 सालों बाद सर्वाधिक नक्सल प्रभावित 2 गांव में लोगों ने देखी बिजली, छलक पड़े आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग का सुकमा जिला कभी नक्सलियों के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब जिले में विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। सुकमा जिला के घोर नक्सल प्रभावित डब्बामारका और सलातोंग गांव के ग्रामीणों को दीपावली पर्व पर एक नई सौगात मिली है। दरअसल यहां के लोगों को आजादी के 77 साल बाद पहली बार बिजली नसीब हुई है। लोगों ने पहली बार बल्ब की रोशनी में आजादी को अपनी आंखों से देखा है, जिससे आंखों में आसू छलक पड़े। छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप प्रदेश सरकार की विकास, विश्वास और सुरक्षा के थीम पर कार्य करते हुए जिला प्रशासन, जिला पुलिस और सीआरपीएफ के कड़े प्रयासों से अब डब्बामारका और सलातोंग गांव में आजादी के बाद पहली बार विद्युत सेवा का आरंभ हुआ है। सुकमा जिले के कोंटा ब्लाक के अधीन ग्राम डब्बामारका और सलातोंग के विद्युतीकरण का कार्य छत्तीसगढ़ पावर कंपनी द्वारा पूर्ण किया जाकर वहां के 190 आवासों में मीटर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। आजादी के 77 सालों के बाद बिजली मिलने पर वहां के लोग काफी खुश है और खुश इसलिए भी है कि इतने सालों के बाद वे टीवी एवं संचार के माध्यम से देश-दुनिया से जुड़ जाएंगे।



### सुरक्षाबलों के प्रति बढ़ा विश्वास

नक्सल प्रभावित डब्बामारका और सलातोंग गांव में जैसे ही बिजली सेवा पहुंची ग्रामीणों की खुशी देखते ही बन रही थी। उसके बाद से गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने सीआरपीएफ, जिला पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास शुरू किया गया और अब गांव में बिजली पहुंचने से ग्रामीणों का विश्वास भी शासन-प्रशासन और सुरक्षाबलों के प्रति बढ़ गया है।

ग्राम डब्बामारका और सलातोंग के विद्युतीकरण का कार्य मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना एवं नियद नेल्लानार योजना के तहत किया गया है। जिसके लिए लगभग 25 कि मी 11 केव्ही लाईन, 8 किमी निम्न दाब लाईन एवं छह 25 केव्हीए वितरण ट्रांसफार्मर की आवश्यकता हुई।

### ग्रामीण इलाकों में हुआ सुविधाओं का विकास

डब्बामारका और सलातोंग गांव इस बात का सबूत है जहां आजादी के बाद पहली बार विद्युत सेवा पहुंच पाई है। नक्सल इलाकों में लोगों तक शासन की योजनाएं पहुंचाने यहां सीआरपीएफ जिला पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से बेहतर तालमेल के साथ काम कर रहे हैं। अब बिजली पहुंचा कर ग्रामीणों में विश्वास बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

### ईडी ने ग्रामीणों से की बातचीत

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने हॉल ही में डब्बामारका और सलातोंग में अपनी टीम के साथ पहुंचे। वहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और कहा कि बिजली बंद हो तो क्षेत्र के कंपनी के कार्यालय में फोन से सूचना दें, जिससे शीघ्र ही सुधार कर बिजली को बहाल कर सकें।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के इंडिया का सेलिब्रेशन के साथ त्योहारों से पहले घर लाएं खुशियां

**जगदलपुर।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रांड, LG इलेक्ट्रॉनिक्स अपने मेगा कंज्यूमर प्रमोशन प्रोग्राम 'इंडिया का सेलिब्रेशन' के साथ इस दिवाली को रोशन करने के लिए तैयार है। त्योहारी सीजन को और ज्यादा उत्साहजनक बनाने के लिए डिजाइन किए गए इस प्रमोशन प्रोग्राम में, 51 करोड़ रुपए के उपहार और ग्राहकों के लिए हर दिन LG ड्रीम होम पैकेज जीतने का मौका मिलेगा,जिसमें साइड-बाई-साइड रेफ्रिजरेटर,OLED टीवी, फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, वाटर प्यूरीफायर और एयर कंडिशनर शामिल हैं।

लाइफ्स गुड ऑफर्स के हिस्से के रूप में, ग्राहक चुनिंदा मॉडल्स पर 26,000 रुपए तक के डिस्काउंट के साथ 26 प्रतिशत तक का कैशबैक हासिल कर




सकते हैं। खरीदारी को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए, LG न्यूनतम एक रुपए के डाउन पेमेंट और चुनिंदा मॉडल्स पर, शुरुआती 888 रुपए की फिक्स EMI के साथ आसान EMI विकल्प की पेशकश कर रहा है। इसके अलावा, जो ग्राहक इंस्टाव्यू साइड-बाई-साइड रेफ्रजिरेटर खरीदते हैं, उन्हें 11,999 रुपए मूल्य का मिनी रेफ्रजिरेटर मुफ्त में मिलेगा। टीवी खरीदार चुनिंदा मॉडल्स पर 3 साल की वारंटी और LG के OLED टीवी रेंज पर 50,000 रुपए तक के लाभ का फायदा उठा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### 18 से 20 नवम्बर तक शुष्क दिवस

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24 की उप-धारा (1) के तहत वर्ष 2024 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 18 नवम्बर अपरान्ह 3 बजे से 20 नवम्बर 2024 तक सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र में विधानसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान तिथि 20 नवम्बर के लिए महाराष्ट्र राज्य के जिला गढ़चिरौली की सीमा से 5 किलोमीटर क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 18 नवम्बर अपरान्ह 3 बजे से 20 नवम्बर 2024 मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत महाराष्ट्र राज्य के जिला गढ़चिरौली की सीमा से 5 किलोमीटर क्षेत्रांतर्गत मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### नुक्कड़ नाटकों से किया जा रहा नशा मुक्ति कार्यक्रम



**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शासन एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आम नागरिकों को नशे से दूर रहने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा कला मंडली के माध्यम से नुक्कड़ नाटक के कार्यक्रम जिले के विभिन्न विकास खण्डों में किया जा रहा है। इसी क्रम में 27 से 29 अक्टूबर तक स्थानीय साप्ताहिक बाजारों जैसे गीदम, भांसी, छिंदनार, बोदली तथा सुरनार में नुक्कड़ नाटक किया गया। कला मण्डली द्वारा अपने कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोगों को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है।

### कलेक्टर ने पामगल क्षेत्र में विकास कार्यों का लिया जायजा

**बीजापुर/भोपालपटनम।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने भोपालपटनम ब्लॉक के पामगल क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। जिसके अन्तर्गत हाईस्कूल पारा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण, कार्य की स्वीकृति हेतु ग्राम पंचायत द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने, सीडीपीओ को निर्देशित किया। इसी तरह गली रोड में स्ट्रीट लाईट के आवेदन के संबंध में क्रेडा विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्रामीणों की मांग के अनुसार हाई स्कूल एवं हायर सकेण्डरी परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाने, प्री मेट्रिक, पोस्ट मेट्रिक बालक एवं बालिका छात्रावास, तालाब चौक से नव निर्मित भवन, स्वामी आत्मानंद स्कूल तक 300 मी. सीसी सड़क, स्कूल में बाऊंड्रीवाल, रंगमंच निर्माण के लिए आवेदनों का निराकरण करने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। वहीं माध्यमिक शाला मिनकापल्ली में अनुपस्थित पाए गए 3 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए एवं मध्यान्ह भोजन में मीनू का कड़ाई से पालन करने को कहा। मिनकापल्ली में मनरेगा अन्तर्गत व्यक्तिगत सिंचाई हेतु कुआं निर्माण की राशि को तत्काल प्रदाय करने के लिए सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया।

## अनाधिकृत अनुपस्थित या कर्तव्य विमुख शासकीय सेवकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश

# बस्तर ओलम्पिक का सफल आयोजन करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक का सफल एवं सुचारू आयोजन सुनिश्चित किया जाए। बस्तर ओलंपिक के क्लस्टर स्तर पर आयोजन में सांसद, विधायक, जिला व जनपद के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। क्लस्टर स्तर की गतिविधि में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहकर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर हरिस एस मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर ओलम्पिक के तहत क्लस्टर स्तर के आयोजन हेतु पेयजल, भोजन, स्वास्थ्य जांच, पुरस्कार देने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने सहित सेल्फी जोन एवं फोटो बूथ भी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

■ समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर ने धान खरीदी में खसरा सत्यापन की स्थिति की समीक्षा करते हुए खसरा सत्यापन व गिरदावरी कार्य में विसंगति पर एसडीएम को संबंधित मैदानी अमलों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने 3 वर्ष से अधिक अनाधिकृत अनुपस्थित या कर्तव्य विमुख शासकीय सेवकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही पर विभागों से जानकारी ली तथा संबंधितों के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने निर्देश दिए। साथ ही विभागीय जांच करने के लिए सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, वनमण्डलाधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर, तोकापाल एवं बस्तर को निर्देशित किए। वहीं गलत एन्ट्री करने वाले स्क्रेपिंग व्हीकल के लिए आवश्यक कार्यवाही पर विभागों से चर्चा किए। स्कूल एवं आंगनबाड़ी के जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करवाने के लिए पीडब्लूडी को निर्देश दिए। बैठक में पीएम श्री योजना के तहत विकास कार्य, स्कूल मरम्मत कार्य, आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शिविरों का आयोजन तथा आपरेटर एवं इंटरनेट की सुविधा, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण प्रगति इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गई।



### सूरजमुखी की खेती को बढ़ाने पर चर्चा

कलेक्टर ने जिले में सिंचाई सुविधा की उपलब्धता के अनुरूप सिंचाई जलाशयों एवं तालाबों के समीप मक्के व सूरजमुखी की खेती को बढ़ाने पर चर्चा किए। साथ ही मिर्च की खेती को प्रोत्साहित किए जाने कहा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान भण्डारण हेतु उचित मूल्य दुकानों से डीडी राशि प्रति माह समय पर जमा कराने के संबंध में निर्देश दिए।

### निर्माण कार्य में तेजी लाएं

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण कार्यों में प्लींथ लेवल से लिंटन स्तर तक नियमित तौर पर मॉनिटरिंग कर आवास पूर्णता हेतु तेजी लाए जाने कहा। वहीं अप्रारंभ आवास हेतु आरआरसी के कार्यवाही के साथ-साथ निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। स्थाई प्रतिक्षा सूची में शेष बचे परिवारों के संबंध स्वीकृति हेतु शेष तथा अपात्र के आधार पर प्रगति की समीक्षा किए। आवास प्लस में शामिल परिवारों को प्रथम किस्त जारी स्थिति की समीक्षा किए।

### कृषक पंजीयन की दर को बढ़ाए

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि के लिए नवीन पंजीयन की विकासखण्डवार वेरीफीकेशन 8 नवम्बर तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। सीएससी के माध्यम से समन्वय कर कृषक पंजीयन की दर को बढ़ाए जाने कहा। तीन वर्षों से धान नहीं बेचने वाले कृषकों का पंजीयन निरस्तीकरण किए जाने के निर्देश दिए। उद्यानिकी, मत्स्यपालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड हेतु बैंक से प्रकरण को स्वीकृति करवाए जाने कहा। वहीं पशुपालन के लक्ष्य के आधार पर इसमें आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### विद्युत कनेक्शन की स्थिति की समीक्षा

कलेक्टर ने सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वृद्धावस्था पेंशन के लिए आगामी छः माह के लिए लाभान्वितों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। जल-जीवन मिशन में आरसीसी टंकी निर्माण व विद्युत कनेक्शन की स्थिति की समीक्षा किए। सर्टिफिकेशन कार्य को भी सतत करवाने के निर्देश दिए। आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं पीड़ितों को पुनर्वास से संबंधित योजनाओं का लाभ दिलवाने पर भी चर्चा किए।

## सीआरपीएफ जवानों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की ली शपथ




**बीजापुर।** 29 नवंबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 85 बटालियन नयापारा बीजापुर के कमाण्डेन्ट सुनील कुमार राही, के द्वारा कैम्प में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर हर वर्ष की भांति इस बार भी राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने हेतु सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

### सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के लिए दिलाई शपथ

**बीजापुर।** भारत सरकार द्वारा 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक चलाए जा रहें सतर्कता जागरूकता सप्ताह सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के क्रम में 85 बटालियन नयापारा बीजापुर के कमाण्डेन्ट सुनील कुमार राही के द्वारा कैम्पस में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

## एसडीएम राजस्व प्रकरणों का निराकरण करवाएं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस. ने कहा कि सीमांकन के समय-सीमा से बाहर के प्रकरणों को निराकृत करने के लिए टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही तहसीलों में तीन से पांच वर्ष के लंबित प्रकरणों को निराकरण करने हेतु प्राथमिकता दी जाए। वहीं एक से तीन वर्ष के लंबित पुराने प्रकरणों को तहसीलदार गम्भीरता के साथ मैदानी अमले के माध्यम से पेशी की संख्या वृद्धि कर निराकृत करें।

साथ ही स्थगन के प्रकरण, सीमांकन के विलंब के कारणों की समीक्षा कर प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करें। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लीड लेकर प्राथमिकता से प्रकरणों के निराकरण हेतु कार्यवाही करें। कलेक्टर हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के राजस्व न्यायालयवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि तहसीलों में 3-5 वर्ष के लंबित प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही करें।

इसी तरह एक से तीन वर्ष के प्रकरणों में गंभीरता के साथ तहसीलदार प्राथमिकता से पेशी की संख्या बढ़ाकर पुराने प्रकरणों को क्लीयर करें। उन्होंने वरिष्ठ राजस्व अधिकारियों के तहसीलवार निरीक्षण स्थिति की समीक्षा करते हुए नक्शा नवीनीकरण के कार्य को प्रगति देने पर जोर देते हुए एक-एक तहसील के लिए तिथि निर्धारित कर प्रगति लाए जाने कहा।

## दीपावली में कांवड़गांव-मुतवेंडी में संचार सेवा की होगी शुरूआत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के संवेदनशील कांवड़गांव और मुतवेंडी में दीपावली के अवसर पर संचार सेवा विस्तार करते हुए मोबाईल टॉवर स्थापित कर दिया गया हैं। अब इन गांवों में भी मोबाईल की घण्टी बजनी शुरू हो जाएगी। कांवड़गांव व मुतवेंडी गांव में दीपावली के अवसर पर संचार सुविधा का विस्तार करते हुए जिओ का मोबाइल टॉवर प्रारंभ किया गया है। इस पहल से अब इन गांवों के ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव होगा। पुलिस व प्रशासन द्वारा उठाये गए इस महत्वपूर्ण कदम से इन क्षेत्रों में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। इन गांवों में अब स्थानीय ग्रामीण आसानी से लोगों से संपर्क स्थापित कर पाएंगे।

## दीपावली से पहले 1500 से अधिक स्ट्रीट लाइट फिटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का विद्युत विभाग शहर में दीपावली पूर्व बंद स्ट्रीट लाइट को सुधारने में लगा हुआ है। इसके साथ ही 1500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट की फिटिंग लगाई जा चुकी है। वार्डो में स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत मिलने पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर प्रकाश व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। दरअसल, शहर के रहवासी इलाके सहित आउटर में बसे वार्डों में स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर प्रभावित इलाके के रहवासी परेशान रहे। निदान 1100 और निगम के चैट बोट पर स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत मिली। इस पर संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त ने सभी दस जोन के आयुक्त और कार्यपालन अभियंता सहित विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें जोनवार इसकी समीक्षा हुई।

■ बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को सुधारने का चल रहा काम

### 150 से ज्यादा नई स्ट्रीट लाइट की फिटिंग

निगम मुख्यालय विद्युत शाखा ने विभिन्न वार्डों में 150 से ज्यादा नई स्ट्रीट लाइट की फिटिंग लगाई है। मुख्य मार्ग सहित वार्डो की कालोनियों, स्लम बस्तियों में स्ट्रीट लाइट सुधारी जा रही है। अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय एवं अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े के निर्देश पर जनसुविधा की दृष्टि से शहर में प्रकाश व्यवस्था सुधारी जा रही है।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि में मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

■ आज होगा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 6 जनवरी को अंतिम प्रकाशन

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में आयोग को सहयोग प्रदान करें। साथ ही लोगों को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल भी बैठक में उपस्थित थे।

**18 वर्ष पूर्ण करने वाले करेंगे आवेदन** : फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान ऐसे भारतीय नागरिक जिनकी उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होगी तथा जिनका नाम वर्तमान में किसी कारण वश मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आगामी 1 जनवरी के साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी अपना अग्रिम आवेदन दे सकते हैं।

### 89 विधानसभा क्षेत्रों किया जाएगा प्रकाशन

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर को रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर प्रदेश के शेष 89 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही दावा, आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जाएगी। नागरिक 28 नवम्बर तक दावा, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस दौरान 9-10 नवम्बर तथा 16-17 नवम्बर को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के बाद 6 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## सरकारी कर्मचारी के सुसाइड नोट के मामले में गृहमंत्री और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ युवा विप्र संगठन ने कलेक्टोरेट के कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय की मौत के जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल एफआईआर कर जांच करने की मांग की है। श्री उपाध्याय उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना के लगातार शिकार रहे, उन्होंने कलेक्टर से भी जाकर अपनी व्यथा बताई। जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर आत्महत्या के लिए उनको मजबूर होना पड़ा। गृहमंत्री विजय शर्मा को मामले में जांच समिति गठन करने की मांग की है। मामले में कलेक्टर गौरव सिंह को भी ज्ञापन सौंपा गया।

■ छत्तीसगढ़ युवा विप्र संगठन ने की जांच समिति गठन की मांग

पूर्व महापौर एवं नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने जिन अधिकारियों के नाम सुसाइडल नोट में आए हैं, उन पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई कर एफआईआर करने की मांग की है। उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में कई ऐसे प्रकरण लगातार देखने को मिल रहे हैं, जिसमें ब्राम्हण समाज विशेष के लोगों को टारगेट बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व नीलमणी दुबे इसके शिकार हुए जिनका 2 माह में 6 बार ट्रांसफर हुआ। कुछ बड़े सचिव स्तर के अधिकारियों को भी अकारण कई मामलों में फंसाने का प्रयास किया गया।

इसमें कुछ हद तक सफलता भी ऐसे लोगों को मिली। ब्राहमण समाज को इन सब के बावजूद टारगेट बनाकर प्रताड़ित किए जाने की ऐसी घटनाओं से काफी रोष व्याप्त है।

### दोषी लोगों पर कार्रवाई तक चलेगा आंदोलन

समाज के प्रतिनिधियों के साथ जनप्रतिनिधियों का बड़ा समूह जब तक इस घटना के दोषी लोगों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक अनवरत चरणबद्ध आंदोलन करने की रूपरेखा बनाई है। आज प्रथम चरण में जिम्मेदार मंत्रियों एवं अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया है। आगे की रूपरेखा समाज प्रमुखों की बैठक में तय की जाएगी।

### अफसरों के खिलाफ सुसाइड नोट पर तत्काल कार्रवाई की मांग

शासकीय कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय ने प्रशासन के तीन अपर कलेक्टर के खिलाफ सुसाइड नोट लिखा, उस मामले को लेकर विप्र समाज सहित कई संगठनों के लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। जिन अफसरों का नाम इसमें आया है, उन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इन अफसरों को यहां से हटाकर निष्पक्ष जांच कराना चाहिए। विप्र समाज ने भी आपत्ति दर्ज की करते हुए मांग की है तत्काल उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। मामले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, विप्र समाज का प्रदीप उपाध्याय सुसाइड नोट लिखता है, उस पर एफआईआर नहीं होने से पूरे प्रदेश में अराजक मामला है। उन्होंने कहा, ऐसी प्रशासनिक अराजकता क्यों? सुसाइड नोट मिलने के साथ ही तत्काल उन तीन अपर कलेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। घटना के 48 घंटे बीत गए, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं करना भाजपा सरकार द्वारा ऐसे मामलों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को इस मामले में अपना मत स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अफसरों को निलंबित कर यहां से अन्यत्र पदस्थ कर निष्पक्ष जांच करा कर कार्रवाई करना चाहिए।

## अस्पताल वाले बाबा के उर्स में आस्ताने से निकला शाही संदल, हुई चादरपोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हजरत सैय्यद बंदे अली शाह रहमतुल्लाह अलैह (डीके अस्पताल) के पांच दिवसीय 26 से 30 अक्टूबर को उर्स पाक बड़े ही शानो-शौकत से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को शाम 7 बजे असलम रायपुरी ने बाबा की शान में शानदार कव्वाली पेश की और रात्रि 10 बजे धर्मगुरु सैयद मो. आलमगीर अशरफ अशरफी-उल-जिलानी साहब ने तकरीर की। दूसरे दिन मंगलवार को शाम 7 बजे शाही संदल व चादरपोशी का प्रोग्राम था, जो आस्ताने आलिया से निकलकर शहर का गश्त करता हुआ वापस आस्ताने आलिया पहुंचा, फिर रात 10 बजे इंटरनेशनल कव्वाल रईस मियां दिल्ली द्वारा महफिले समां का अहतराम हुआ। यह जानकारी अस्पताल वाले बाबा के खादिम-ए-आस्ताना हाजी सैयद जाफर अली ने देते हुए बताया कि बुधवार को सुबह 9 बजे कुल शरीफ की फातिहा होगी और रात 9 बजे सैफ-सुहैल ब्रदर्स अपना सूफियाना कलाम पेश करेंगे। ज्ञात हो कि उर्स के दौरान दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे आम लंगर का इंतेजाम किया गया है। आस्ताना के खादिमों ने संदल व चादर शरीफ को बड़े अदब-ओ-एहतराम से लाने की अपील की है।



## राज्योत्सव का उद्घाटन करेंगे एमपी के सीएम, समापन में आएंगे उपराष्ट्रपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के राज्योत्सव पर नवा रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह में मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं 6 तारीख को होने वाले समापन समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य के जिलों में 5 नवंबर को एक दिन का राज्योत्सव मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में हर साल एक नवंबर से राज्योत्सव शुरु होता है। लेकिन इस बार दीपालवी,गोवर्धन पूजा, भाईदूज का त्यौहार होने के कारण सरकार ने तय किया है कि राज्योत्सव 4 नवंबर से मनाया जाएगा। यह आयोजन नवा रायपुर में तीन दिनों का होगा। तीसरे दिन 6 तारीख को राज्य अलंकरण पुरस्कार बांटे जाएंगे। दूसरी ओर जिलों में एक दिन का राज्योत्सव रखा गया है। यह आयोजन सभी जिलों में 5 नवंबर को होगा।



***राज्योत्सव में होंगे ये कार्यक्रम*** : संस्कृति संध्या में वॉलीवुड सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता आकर्षण का केंद्र होंगे। सांस्कृतिक संध्या में 4 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर श्री शांतनु मुखर्जी (शान) का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 5 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन का कार्यक्रम होगा। 6 नवंबर की शाम को इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। 6 को राज्य अलंकरण समारोह : राज्योत्सव के आखिरी दिन 6 नवंबर को राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## अब स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली 3 तक चलेगा राष्ट्रीय अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस साल पहली बार स्वच्छ दिवाली- शुभ दिवाली अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 3 नवंबर तक चलेगा। खास बात ये है कि यह अभियान भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। यह अभियान छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में चलाया जा रहा है। इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को अभियान के संचालन के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। 28 अक्टूबर से शुरू हुआ ये अभियान 3 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान चार प्रमुख गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

■ सभी नगरीय निकायों में चलेगा ये अभियान

■ दिवाली के 24 घंटे के भीतर होगी सफाई

### ये हैं चार प्रमुख गतिविधियां

अभियान के तहत स्वच्छता लक्षित इकाईयों का रूपांतरण किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों को स्वच्छता लक्षित इकाईयों की पहचान जारी रखने तथा योजनाबद्ध तरीके से उनकी सफाई और रूपांतरण किया जाएगा। स्वच्छता अभियानों का संचालन के तहत कचरा मुक्त शहर के लक्ष्य की पूर्ति के लिए शहर की स्वच्छता को बनाए रखने और नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दीवाली के बाद 24 घंटे के भीतर विशेष सफाई अभियान आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में ट्रिपल आर केंद्रों का संचालन किया जाना है। इस अभियान के तहत निकायों के हर वार्ड में एक ट्रिपल आर केंद्र स्थापित होगा। जिसमें घरों से निकलने वाली अनुपयोगी सामग्री को जमा कर वार्डवार जागरूकता अभियान संचालित कर व्यापक-प्रचार प्रसार किया जाएगा। नागरिकों द्वारा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। चार प्रमुख गतिविधियों में स्वच्छता में भागीदारी भी शामिल है। इसके तहत कचरामुक्त दिवाली मनाने के लिए बाजार संघों, व्यावसायिक, आवासीय संघों, वार्ड समितियों, एसएचजी, एनजीओ और नागरिक संगठनों, यूथ क्लबों, सामाजिक धार्मिक संगठनों की सहभागिता से स्वच्छ, ग्रीन, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय कला, कारीगरों और व्यवसायों को बढ़ावा दिया जाएगा।


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
VIKAS
BOOT HOUSE
Pro. Vikas Motwani 8770438920
Daily Market Kanker (C.G.)


HONDA
शिवनाथ होंडा फेस्टीवल धमाका
दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज
के शुभअवसर पर
लक्की ड्रा
ऑफर
1st Prize
Double Door Refrigerator
2nd Prize
Fully Automatic Washing Machine
3rd Prize
32" Android LED TV
4th Prize
Microwave Oven
5th Prize
Sound Bar
Shine 100
ACTIVA
6th Prize
Mixer Grinder
7th Prize
Dinner Set
8th Prize
Induction
9th Prize
Bluetooth Speaker Box
10th Prize
Iron
प्रत्येक गाड़ी की खरीदी पर हेलमेट फ्री
लक्की ड्रॉ
दिनांक : 04-01-25
समय : दोप. 3 बजे से 5 बजे
स्थान : शिवनाथ होंडा, टिकरापारा, कांकेर (छ.ग.)
एक्सचेंज सुविधा उपलब्ध*
न्यूनतम ब्याज दर*
न्यूनतम मासिक किस्त*
केवल आधार कार्ड से फायनेंस*
त्यौहारो के सभी अग्रीम बुकिंग पे निश्चित उपहार पायें
नियम व शर्ते लागू
BOOK ONLINE NOW!
CLICK BOOK RELAX
SHIVNATH GROUP
शिवनाथ होंडा
मेन रोड कांकेर (छ.ग.)
मो. 7970005301,02,03,04,05, 8720008800, 9644059600
ब्रांच : भानुप्रतापपुर - 7970005306, 08, 09

# मेरे कार्यकाल में अमृत मिशन का काम पूरा नहीं होने का मलाल रहेगा: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर




निगम में आना मेरे लिए अचंभित करने जैसे था, लेकिन मैंने इसे चुनौती के रूप में लेते पूरे योजना के साथ कार्य करने का प्रयास किया। खासकर जो भी प्रमुख योजना थी उसे पूरी ईमानदारी से पूरा करने जो संभव हो करने का प्रयास किया। मुझे जीवनभर मलाल रहेगा की अमृत मिशन का काम पूरा नहीं कर पाया। कचरा प्रबंधन का काम में दिक्कत थी, उन्हें पूरा करने ओर व्यवस्थित ढंग से करने कल्किशन को स्ट्रांग किया। दीदियों के स्थायित्व किया गया। यह बातें निगम आयुक्त हरेश मंडावी बुधवार को अपने विदाई समारोह में व्यक्त की। शहर के श्यामा प्रसाद टाउन हॉल में निवर्तमान आयुक्त हरेश मंडावी पद्दोनत होकर कांकेर जिला पंचायत सीईओ के रूप में पदस्थ किए गए है। आज निगम परिवार द्वारा उन्हें विदाई दी गई। आयुक्त ने विदाई समारोह को सम्बोधित करते अपने 13 माह के कार्यकाल का लेखा-जोखा रखा। उन्होंने कहा पहले उन्हें तीन से चार वर्ष में 4 से 5 लाख मिलते थे अब एक साल में 25 लाख मिला। निगम के सभी शाखा के कार्यों को दुरुस्त करने हमेशा प्रयास पूरी टीम के साथ करने का प्रयास किया। सफाई व्यवस्था को ठीक करने मुझे काफी परिश्रम करना पड़ा। यहां तक अपने स्वच्छता दूतों और मैदानी कर्मियों पर लगातार दबाव बनाया। कभी-कभी कर्मियों को डांट-फटकार भी लगाना पड़ा। स्वच्छता विभाग की पूरी टीम दिनरात पसीना बहाकर नगर को स्वच्छ और सुंदर रखने का काम किया। निगम परिवार ने आयुक्त को विदाई समारोह आयोजित कर सम्मान के साथ विदाई दिया गया। जिसमें महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, योगेंद्र पांडे, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी,वरिष्ठ पार्षद संजय पांडे, पार्षद दिंगबर राव, राजपाल कसेर, ममता पोटाई, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, कमलेश पाठक, निगम के अधिकारी व कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित थे। विदाई समारोह में आयुक्त मंडावी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**कार्यकाल की जमकर की गई तारीफ**

महापौर सफीरा साहू ने आयुक्त हरेश मंडावी के निगम कार्यकाल की जमकर तारीफ की। साथ ही उनके साथ किये गये कार्यों का संछिप्त में जानकारी दी। वही आयुक्त मंडावी के सफल कार्यकाल के संबंध में यशवर्धन राव, योगेंद्र पांडे, संजय पांडे, नरसिंह राव एवं निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी अपनी बातें रखीं।

## चुनाव : महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्र में शुष्क अवधि घोषित


**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीलेश क्षीरसागर ने महाराष्ट्र राज्य में होने वाले विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले के महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र एवं 05 किलोमीटर तक की परिधि में मतदान तिथि 20 नवम्बर को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व एवं मतगणना तिथि 23 नवम्बर को शुष्क अवधि व शुष्क क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली विधानसभा क्षेत्र जिले की सीमा से लगी है, अतः कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त तिथियों में महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र एवं 05 किलोमीटर क्षेत्र की परिधि में शुष्क क्षेत्र घोषित किया है।





सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज



माननीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी नहीं रहे
परंतु उनकी दीपावली पर बोली कविता ही उनकी याद दिलाती रहती है...



**दीपावली पर्व** पर समस्त देशवासियों,
छत्तीसगढ़वासियों एवं कांकेरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जब मन में हो मौज बहारों की
चमकाएँ चमक सितारों की,
जब ख़ुशियों के शुभ घेरे हों
तन्हाई में भी मेले हों,
आनंद की आभा होती है
उस रोज 'दिवाली' होती है।

जब प्रेम के दीपक जलते हों
सपने जब सच में बदलते हों,
मन में हो मधुरता भावों की
जब लहके फसलें चावों की,
उत्साह की आभा होती है
उस रोज 'दिवाली' होती है।

जब प्रेम से मीत बुलाते हों
दुश्मन भी गले लगाते हों,
जब कहीं किसी से वैर न हो
सब अपने हों, कोई गैर न हो,
अपनत्व की आभा होती है
उस रोज 'दिवाली' होती है।

जब तन-मन-जीवन सज जाएं
सद्-भाव के बाजे बज जाएं,
महकाए ख़ुशबू ख़ुशियों की
मुस्काएं चंदनिया सुधियों की,
तृप्ति की आभा होती है
उस रोज 'दिवाली' होती है।

विनीत : हितेंद्र खटवानी, डॉ. राजीव जायसवाल, रवि लालवानी, कमलेश केवलरामानी, विजय (बंटी) खटवानी, विनय गोस्वामी, विजय कुमार पाण्डेय, दिलीप जायसवाल, आलोक ठाकुर, निखिल राठौर, राजीव लोचन सिंह, जयंत अटभैया, अरूण कौशिक, दीपक खटवानी, नीलू तिवारी, राकेश शर्मा, मनीष शर्मा, विकास शर्मा, सचिन गिडलानी, मनीष जैन, मनीष श्रीवास्तव, संजू गोपाल साहू, कमल लालवानी, राकेश आहूजा, अनूप राठौर, नितेश (गोल्डी) लालवानी, विशाल मोटवानी, रमेश ठाकुर, योगेश जैन, टिकेश्वर साहू, यशवंत सिन्हा, रितिक आहूजा, दीपेश चोपड़ा, आशुतोष माथुर, राहुल बजाज, उमेश देवांगन, भानुप्रताप साहू, संजय सिन्हा, विशाल आसवानी, पोखेंद्र साहू, लोकेश्वर सेन, अभिषेक पाण्डेय एवं समस्त कांकेर जिलावासी